आवधिक परीक्षा ।।। (2019-20)

कक्षा- नवीं

समय 90 मिनट विषय- हिन्दी पूर्णांक-40

निर्देश- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए- 2x5=10

तुम फोटो का महत्व नहीं समझते। समझते होते तो किसी से फोटो खिंचवे के लिए जूते माँग लेते। लोग तो माँगे को कोट सेवर-दिखाई करते है। और माँगे की मोटर से बारात निकालतें हैं। फोटो खिंचवाने के लिए तो बीवी तक माँग ली जाती है, तुमने जूते ही माँगते नहीं बने! तुम फोटे का महत्व नहीं जानते। लोग तो इत्र चुपड़कर फोटो खिचाते है जिससे फोटो में खुशबू आ जाए! गंदे से गंदे आदमी को फोटो भी खुशबू देती है!

प्रश्न

क- कहानी तथा कहानीकार का नाम लिखिए।

ख- कौन फोटो का महत्व नहीं समझता? लेखक ने ऐसा क्यों कहा?

ग- लोग फोटो के लिए क्या-क्या करते है?

घ- गंदे से गंदे आदमी को फोटो भी खुशबू देती है- में छिपा व्यंग्य स्पष्ट करें।

ङ- तुम किसे कहा गया है?

2- निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2x5=10

पेड़ झुक झाँकने लगे ग़रदन उचाए,
आँधी चली, धूल भागी घाघरा उठाए,
बाँकी चितवन उढा , नदी ठिठकी, घूँघट सरके।
मेघ आए बड़े बन-उन के सँवरे के।

प्र2-

क- कवि एवं कविता का नाम लिखिए।

ख- मेघ गाँव में किस प्रकार आए?

ग- मेघ के आगे-आगे कौन चल रहा/रही है?

घ- मेघ के आने से गाँव का वातावरण कैसा हो गया है?

ङ- काव्यांश कें किस-किसका मानवीकरण किया गया है?

प्र3- निम्नलिखित क्षितिज पद एवं गद्य के प्रश्नों का उत्तर दें- 2x4=8

क- सरसों को 'सयानी' कहकर कवि क्या कहना चाहता होगा?

ख- चने के पोधे को ठिगना क्यों कहा गया है? वह किस प्रकार सजकर खड़ा है?

ग- मेघ के आने पर प्रकृति में क्या-क्या परिवर्तन हुए?

घ- निम्नलिखित किसके प्रतीक है?

धूल, पेड़, नदी, लता

प्र4- निम्नलिखित कृतिका के प्रश्नों का उत्तर दें। 2x2=4

क- 'माटी वाली' के आधार पर माटीवाली का चरित्र-चित्रण कीजिए।

ख- पुनर्वास के लिए माटी वाली को किस समस्या का समाधन सामना करना पड़ा।

प्र5- आपकी बहन का जन्मदिन है। संवाद लिखए। 4x1=4

प्र6- निर्देशानुसार उत्तर लिखिए। 1x4=4

क- 'सन्यासी' में कौन सा उपसर्ग है?

ख- गंगाजल (विग्रह करके समास का नाम)

ग- रोगी चल फिर सकता है (निषेधवाचक बनाइए)

घ- तीन बेर खाती थीं वे तीन बेर खाती है। (अलंकार का नाम बताइए)